
Patrika (Indore), 03rd August 2023, Page – 04

#IIT: बीटेक विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम

# समाज की जरूरत के हिसाब से चुनें प्रोजेक्ट और अपने मिशन में जुट जाएं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



इंदौर. आइआइटी में आपने किसी उद्देश्य से एडमिशन लिया है। आप सामाजिक जरूरतों को समझकर ऐसे समाधान और नए विचारों के साथ आगे आएं, जो निचले वर्ग के लोगों के लिए फायदेमंद हो। इस काम को पूरा करने के लिए आपको एक प्रोजेक्ट चुनना होगा और अपने मिशन पर लग जाना पड़ेगा। यह बात आइआइटी के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी ने बीटेक विद्यार्थियों के लिए संस्थान में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कही।

उन्होंने कहा कि इस बार स्पेस साइंस एंड इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, मैथमैटिक्स एंड कम्प्यूटिंग और इंजीनियरिंग फिजिक्स में चार नए बीटेक प्रोग्राम शुरू हुए हैं। इन विभिन्न प्रोग्राम में कुल 480 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इसमें 99 छात्राएं, 2 ओसीआइ और 3 प्रिपेरटॉरी शामिल हैं। कार्यक्रम में कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल केएच गवास मुख्य अतिथि थे। गवास ने कहा, भविष्य की संयुक्त युद्ध संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के विकास का लक्ष्य सभी रक्षा संबंधी विज्ञानों को शामिल करते हुए एक व्यापक-आधारित प्रोग्राम होना चाहिए। एक लड़ाके के पास अपने प्रतिद्वंदी के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए युद्ध के मैदान के भौतिक क्षेत्र के अलावा गहराई से सोचने की क्षमता होनी चाहिए। जागरुकता बढ़ाने के लिए प्राप्त जानकारी के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।